तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

13 हल्दी में 13वीं प्रदेश स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का रोमांच जारी



14 डौंडीलोहारा में क्रिकेट महासंग्राम का भव्य ...





## खबर संक्षेप

### डौंडीलोहारा के खिलेश्वर का एक साथ तीन बलों में चयन



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम कसही (डौंडी लोहारा), जिला बालोद निवासी खिलेश्वर मंडावी (उम्र 25 वर्ष) ने मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिता हरिश्चंद्र मंडावी एवं माता मीना बाई मंडावी के सुपुत्र खिलेश्वर का एक साथ बीएसएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस ट्रेडमेन एवं जीडी आरक्षक पद के लिए चयन हुआ है। खिलेश्वर मंडावी का प्रारंभिक जीवन सरल रहा। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक शाला कसही (लो.) से प्राप्त की। छठवीं से बारहवीं तक की शिक्षा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में पूर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने साइंस कॉलेज दुर्ग से उच्च शिक्षा हासिल की। कॉलेज जीवन के दौरान वे एनसीसी कैडेट भी रहे और थल सैनिक कैंप (सागर, मध्यप्रदेश) में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सेवा भावना से प्रेरित होकर खिलेश्वर पहले ग्राम पंचायत वार्ड पंच निर्वाचित हुए। इसके बाद उनका चयन नगर सेना (होमगार्ड), जिला बालोद में हुआ। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### बालोद से राज्य युवा महोत्सव 2025 के लिए प्रतिभागी रवाना



**बालोद।** अपर कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने हरी झण्डी दिखाकर राज्य युवा महोत्सव 2025 में शामिल होने वाले जिले के प्रतिभागियों को रवाना किया। उन्होंने राज्य युवा महोत्सव 2025 में शामिल होने वाले जिले के प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि राज्य युवा महोत्सव का आयोजन 23 से 25 दिसम्बर तक बिलासपुर के राज्य खेल परिसर बहतराई और पुलिस ग्राउंड बिलासपुर में विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। राज्य युवा महोत्सव में जिला स्तरीय युवा महोत्सवों के विजेता प्रतिभागी एवं दल शामिल होंगे।

### अवैध रूप से गांजा बेचने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदी रोड महमरा एनीकट मुक्तिधाम दुर्ग के पास एक युवक गांजा बेचते हुए पकड़ाया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम मठपारा सारथी मोहल्ला थाना सिटी कोतवाली दुर्ग निवासी राज सारथी बताया है।

# सिकोसा में ईसाई धर्म छोड़कर 8 लोगों की समाज में पुनः वापसी, खुशियों की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समाज प्रमुखों और ग्रामीणों ने स्वागत किया अंगीकार कराया सतनामियत

सिकोसा में ईसाई धर्म अपनाए लोगों ने अपने समाज पर पुनः वापसी की, जिससे ग्राम में खुशियों की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि पांच वर्ष पुर्व ग्राम सिकोसा में कुछ समाज के करीब 35 परिवार अपने समाज व आस्था का परित्याग कर ईसाई धर्म अपना लिए थे।

जिसमें सतनामी समाज के लोग भी समाज को छोड़ कर ईसाई बन गये थे। ऐसे लोग गांव में अपने समाज व धर्म सहित हिंदुत्व को नकारते हुए हमेशा ईसाई धर्म की रीति रिवाज के अनुसार जीवन यापन कर रहे थे, जो लोग ईसाईकरण का शिकार हुए या बने थे उन लोगों को समय समय पर समाज द्वारा स्थानीय समाज सहित ब्लाक व जिला पदाधिकारियों के द्वारा अपने समाज में पुनः वापस आने प्रयास किया जा रहा था। आरोप है कि गुण्डरदेही ब्लाक के सिकोसा, कलंगपुर, तवेरा सहित करीब दर्जनों गांवों में इस तरह से ईसाई मिशनरियों उनके पास्टरों के द्वारा हिन्दू लोगों को प्रलोभन देकर ईसाईकरण किया जा रहा है। जिले में ईसाई मिशनरियों के द्वारा अवैध रूप से चलाई जा रही ईसाईकरण की नीति का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। 21 दिसंबर को गुरु बाबा घासीदास जयंती पर्व पर ग्राम सिकोसा के ईसाई धर्म अपनाए 8 व्यक्ति जिनमें दिलीप महिलवार, लीचा बाई, लक्ष्मी बाई, कमल प्रसाद, शिखा महिलवार, तिजेश्वरी बाई, ज्वाला सिंह व तिलेश कुमार ने ईसाई धर्म छोड़कर पुनः वापसी करते हुए अपने मूल जाति धर्म को स्वीकार कर समाज के बीच गुरु घासीदास बाबा के चरणों में शरणागत हुए।

## गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज में लौटे भटके लोग

### अमृत कुंड के जल से हुआ शुद्धिकरण

सतनामी समाज सिकोसा के समाज प्रमुखो व सामाजिक जनों ने घर वापसी कर रहे लोगों को बाबा घासीदास के द्वारा जन कल्याण व जीवन मोक्ष प्रदान करने के लिए गिरौदपुरी में जो अमृत कुंड का अमृत जल को पिला कर उन्हें सतनामी, सतनामियत व सतनामवाद के विचारधाराओं पर चलने के लिए सतनामी समाज में अंगीकार किया। भटके बिछड़े हुए अपने लोगों को अपने बीच पाकर सतनामी समाज सहित पुरे सिकोसा ग्राम में खुशियों की लहर दौड़ गयी है और लोग उन लोगों को जो आज भी अपने समाज को छोड़ कर ईसाई बन गये हैं उन्हें अपने मूल जाति धर्म में आने की आह्वान किया है।

### ये रहे उपस्थित

ईसाई धर्म छोड़कर समाज में पुनः वापसी कार्यक्रम मे सतनामी समाज सिकोसा के समाज प्रमुख व जिलाध्यक्ष संजय बारले, सतनामी समाज के ग्रामिण आध्यक्ष हेम लाल मारकंडे, प्रकाश टंडन, द्वारिका बारले, समाज संरक्षक रोहित टंडन, राजा बारले, रिखी राम कुर्रे, गंगाधर भारती, अशोक चतुर्वेदी, पंच राम बघेल, राम गलाल राय समाज भंडारी, छड़ीदार सहित करी सैकड़ों सामाजिक जन उपस्थित थे। **इन्होंने व्यक्त किया हर्षः** सिकोसा में 8 ईसाई धर्म अपनाए लोगों की समाज के मुख्य धारा में पुनः वापसी पर बालोद जिला सतनामी समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बघेल, संरक्षक पवन जोशी, असवन बारले, संजय जोशी, एसआर बंजारे, धनेश बघेल, ब्लाक अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, दीपक बघेल ने हर्श व्यक्त किया।

## रामजी साहू के 8.50 एकड़ खेत का धान बिना जानकारी के समर्पित, शिकायतों पर नहीं लिया संज्ञान

# समिति ने किसान का धान बिना अनुमति किया समर्पित, विधायक संगीता सिन्हा ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- विधायक संगीता सिन्हा ने की कलेक्टर से मिलकर किसानों के लिए पूरा धान खरीदने की मांग

समिति ने किसान की सहमति के बिना ही रकबा समर्पण करा दिया। समिति ने हर संभव कोशिश की कि किसान कही शिकायत करने न जाए। लगातार झूठे आश्वासन से परेशान किसान ने अन्ततः अधिकारियों के पास शिकायत की। वहां भी सुनवाई नही हुई तब विधायक संगीता सिन्हा के पास न्याय की आस में पहंचा।

मामला विकासखंड के सेवा सहकारी समिति सुर्रा का है। समिति में संलग्न ग्राम भानपुरी के किसान रामजी साहू के परिवार का लगभग 8.50 एकड़ जमीन है। रामजी ने अपने व परिवार सहित कुल 106 क्विंटल धान का विक्रय किया है। उसकी कुल खेती के अनुसार उसे लगभग 170 क्विंटल धान विक्रय करना है। 106 क्विंटल विक्रय के बाद शेष धान को समिति के द्वारा समर्पण बता दिया।




15 दिन से भटक रहा हूं: रामजी

मामले में आरोप है कि उच्च अधिकारियों की नजर में स्वयं को अच्छा दिखाने के लिए ही समिति ने किसान द्वारा रकबा समर्पण कराया दिखाया गया। जबकि रामजी का आरोप है कि उसने कभी भी रकबा समर्पण करने की बात नहीं की और न ही समिति ने कभी उन्हें रकबा समर्पण करने की जानकारी दी। रामजी ने कहा 15 दिन से भटक रहा हुं। समिति प्रबंधक बार बार मुझे शिकायत मत करो कहकर आवेदन देने से रोक रहा था। समिति प्रबंधक गौतम सिंह राजपूत ने कहा लिपिक की त्रुटि से ऐसा हो गया है। समर्पण निरस्त हो जाएगा एवं किसान धान बेच सकेगा। मैं जिला में बात कर लिया हूं। उन्होंने बताया ऐसे तीन किसान है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा किसान लगातार पेशान हो रहे है। जबरिया किसानों का रकबा समर्पण कराना गलत है, मेरे विधानसभा मे ऐसे कइ्र प्रकरण है। मै मामले मे कलेक्टर से मिली हुं, उन्हे सभी किसानों का पुरा धान खरीदने के लिए बोली हुं।

### बाद में विक्रय का दिया गया था आश्वासन

रामजी ने 2 एवं 4 दिसंबर को धान बेचा था। जब उसके परिवार ने 8 दिसंबर को शेष धान के टोकन के लिए ऑनलाइन टोकन काटने का प्रयास किया तब उसे शेष रकबे का समर्पण होना बता दिया गया। मामले में रामजी ने जब समिति में संपर्क किया तब उसे बाद में विक्रय होने का आश्वासन दिया गया। लेकिन जब लगातार प्रयास के बाद भी टोकन नहीं कटा तब रामजी ने शिकायत करने की बात कही। रामजी का आरोप है कि समिति प्रबंधक शिकायत नहीं करने के लिए मना करता रहा। वे लगातार गुमराह करते रहे। लेकिन जब धान विक्रय होने मे संसय हुआ तब अधिकारियों के पास शिकायत की, वहां भी जब सुनवाई नही हुई तब उसने विधायक संगीता सिन्हा व पुर्व विधायक भैयाराम सिन्हा से शिकायत की।

# हाईवा की चपेट में आई बाइक, चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

युवा वर्ग नशे के चपेट में लगातार आ रहे हैं। जिसके कारण से आए दिन लगातार बड़ी दुर्घटना हो रही है, ऐसा ही घटना नगर अर्जुंदा में घटी है। जहां पर एक 25 वर्षीय युवक राजा गौंटिया पिता रमेश गौंटिया शराब के नशे में धुत होकर अनियंत्रित रूप से मोटरसाइकिल चल रहा था। जिसकी हाईवा के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार राजा गौंटिया पिता रमेश गौंटिया अपने घर से लगभग 3:30 बजे घर से बिना किसी को जानकारी दिए शराब सेवन करने अर्जुंदा मदिरा दुकान चला गया था और मदिरा सेवन करके लगभग 4 बजे के आस पास अर्जुंदा दाऊ चौक से थोड़ी दुर अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 सीडब्लू 5131 में काफी तेज गति से अपने घर वापस जा रहा था तभी गुण्डरदेही कि ओर से रेत भरकर आ रहे हाईवा जा टकराया जहां पर उसको गंभीर चोट लगी, आनन फानन में तत्काल उनको सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र अर्जुंदा ले जाया गया जहां पर डॉक्टर की टीम के द्वारा उनको मृत घोषित किया गया। जिनका पंचनामा कर मर्ग कायम करते हुए। पुलिस थाना शव को परिवार के सुपुर्द किया। तथा पोस्टमार्ट के लिए गुण्डरदेही रवाना किया।

# गुण्डरदेही के 78 आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार के लिए 76.84 लाख रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





- मरम्मत कार्य से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलेगा सुरक्षित व बेहतर वातावरण

जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रें में बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। 78 आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत कार्य के लिए 76 लाख 84 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर और जनपद अध्धुषोत्तम चंद्राकर के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र की 78 आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत कार्य के लिए 76 लाख 84 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति महिला एवं बाल विकास परियोजना गुण्डरदेही के लिए प्राप्त हुई है। इस बड़ी उपलब्धि से विकासखंड मे न केवल आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति सुधरेगी, बल्कि वहां आने वाले बच्चों और गर्भवती महिलाओं को एक सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सकेगा। लंबे समय से क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी भवनों की हालत जर्जर थी, जिससे बच्चों की शिक्षा और पोषण कार्यक्रमों में असुविधा हो रही थी।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर और जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर लगातार शासन–प्रशासन के समक्ष इन भवनों के जीर्णोद्धार की मांग रख रहे थे। उनके प्रयासों और सक्रियता के कारण अब बजट को मंजूरी मिल गई है। इसकी कुल स्वीकृत राशि 76 लाख 84 हजार तथा लाभान्वित आंगनबाड़ी केंद्र 78 आंगनबाड़ी भवन है जिसके तहत भवनों की मरम्मत, रंग–रोगन और आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हमारा लक्ष्य ▶▶ शेष पेज 13 पर

# आमाबेड़ा धर्मांतरण विवाद के विरोध में सर्व हिंदू समाज ने आज बंद का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- शहर में व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह 7 से शाम 4 बजे तक बंद
- सार्वजनिक सभा और पैदल रैली के माध्यम से नागरिकों से समर्थन की अपील



कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में कथित धर्मांतरण के मामलों और उसके विरोध में हुई हिंसक घटनाओं के खिलाफ सर्व हिंदू समाज ने 24 दिसंबर को बालोद बंद का आह्वान किया है।

इस बंद के तहत बालोद शहर में सुबह 7 बजे से शान 4 बजे तक सभी प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की गई है। बंद से पूर्व मंगलवार को सर्व हिंदू समाज के पदाधिकारियों द्वारा बालोद शहर में पैदल रैली निकाली गई, जिसमें व्यापारियों और आम नागरिकों से स्वेच्छा से बंद का समर्थन करने का आग्रह किया गया। इस आह्वान को शहर के अनेक सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, भारतीय जनता पाटऍ शहर मंडल सहित विभिन्न संस्थाओं का समर्थन मिला है। इसके साथ ही चौंबर ऑफ कॉमर्स ने भी बंद को समर्थन देने की घोषणा की है। सर्व हिंदू समाज के अनुसार, आमाबेड़ा क्षेत्र में धर्मांतरण से जुड़े मामले सामने आए हैं, जिनके विरोध के दौरान तनाव और हिंसा की घटनाएं हुईं। इन्हीं घटनाओं के विरोध में 24 दिसंबर को बालोद बंद का निर्णय लिया गया है।

बंद के दौरान दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक शहर के पुराना बस स्टैंड में एक सार्वजनिक सभा का आयोजन भी प्रस्तावित है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 दिसंबर को छत्तीसगढ बंद का आह्वान किया गया है, जिसके तहत बालोद में भी बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि कांकेर आमाबेड़ा में हुई घटनाओं और राज्य में मिशनरियों द्वारा भोले–भाले लोगों के कथित धर्मांतरण के षड्यंत्र के विरोध में यह कदम उठाया गया है।

## कलेक्टर ने जिले में रोकथाम के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने निर्देश दिए

# मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर कलेक्टर ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- अधिकारियों की बैठक में उपायों की विस्तृत समीक्षा, जागरूकता और नशामुक्ति अभियान पर जोर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में मादक पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले में मादक पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों की कर इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में मादक पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं



नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागी अधिकारियों के अलावा एसडीओपी बालोद देवांश राठौर सहित स्वास्थ्य, खाद्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग तथा संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। रोकथाम के उपायों की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने विभागवार जिले में मादक पदार्थों के अवैध बिक्री, तस्करी की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नशामुक्ति हेतु मेडिकल सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए जिला अस्पताल में विशेष कक्ष भी क्रियान्वित किया जा रहा है।

इसके अलावा जिले के रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर मादक पदार्थों के बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित स्थानों पर नियमित रूप से जाँच किया जा रहा है। संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले के स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के अलावा अन्य चिन्हित स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर नशापान से दूर रहने की समझाईश दी जा रही है। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति केन्द्र का संचालन करने के अलावा जिला स्तरीय कार्यक्रमों नशामुक्त भारत बनाने शपथ भी दिलाई जा रही है।

# शिवसेना ने बांग्लादेश में हिंदू हत्या के विरोध में किया पुतला दहन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक में बांग्लादेश में हिंदूओ को जिंदा जला कर निर्मम हत्या किए जाने के विरोध में बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनिस का पुतला फूंका गया। इस दौरान शिवसैनिकों ने बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो अत्याचार, अमानवीय हरकतों के खिलाफ भी उग्र विरोध किया। पुतला दहन करने से पूर्व शिवसैनिकों ने पुतले को साथ लेकर शहर भर में प्रदर्शन किया। इस दौरान शिवसेना के जिलाध्यक्ष विजय पारख, ललित रावत, जयप्रकाश चंद्राकर बलराम साहू, हितेश पटेल, रवि पटेल, प्रदेश कामगार सेना उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार, अधिवक्ता बालमुकुंद अग्रवाल, नीरज सिंह, रोशन ढीमर, आनंद यादव, टीकम निषाद सहित अनेक शिवसेनिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



### रिकेश सेन मिले भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से

**भिलाई।** वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली में मुलाकात की। रिकेश ने उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। भेंट के दौरान नितिन नबीन ने संगठन के कार्यों में और अधिक ऊर्जा, गति व समर्पण के साथ कार्य करने का मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सेन ने क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों और वैशाली नगर विधानसभा में विकास कार्यों से उन्हें अवगत करवाया। प्रदेश की राजनीतिक गतिविधियों से भी अवगत कराया।

### आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत वित्तीय सहायता मिली



**दुर्ग।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसी कड़ी में कुमारी हिना ठाकुर निवासी बघेरा को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऑफ़ बड़ोदा मोहन नगर के माध्यम से रोजगार के लिए सिलाई मशीन लोन के रूप में उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर कुमारी वसुंधरा पोडी द्वारा गोढ़ी भाषा के प्रचार प्रसार के साथ ही मेधावी छात्र के रूप में आदिवासी समाज को गौरांवित कर रही है जिन्हें अध्यक्ष द्वारा आवश्यकता अनुसार उनकी पढ़ाई के लिए पुस्तक एवं कॉपी का वितरण भी किया गया। केंद्रीय धमधागढ़ अध्यक्ष कमलेश ध्रुव द्वारा कचना धुर्वा देवस्थानम सिविल लाइन में प्रदान किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज सेवी अध्यक्ष राकेश ठाकुर जिला दुर्ग द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में जीवराखन मारई अंगार मोती ट्रस्ट अध्यक्ष, जयपाल ठाकुर गोंडवाना गन गोड महासभा प्रमुख, धनेश्वर धुर्वे, महावीर गोड़, रामकुमार नेटी, राम सिंह ठाकुर, प्रभा ध्रुव, पायल ध्रुव, कुमारी रेणुका रावटे, कुमारी नीता ठाकुर, रोहित ध्रुव, बॉबी ध्रुव आदि मौजूद रहे।

# गलत मूल्यांकन और जबरन सर्वे के विरोध में 14 गांव के किसान

## खरासिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना को लेकर ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रेलवे की खरासिया-नया रायपुर-परमलकसा परियोजना को लेकर दुर्ग ब्लॉक के 14 गांवों के प्रभावित किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि जमीनों का गलत मूल्यांकन किया जा रहा है और जबरन सर्वे की प्रक्रिया की जा रही है। सोमवार को किसानों रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक लिखित में पारदर्शिता और न्याय नहीं मिलता, वे अपनी आजीविका का आधार जमीन नहीं देंगे। प्रभावित किसानों ने कलेक्टर ज्ञापन सौंपकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए।

### हेक्टेयर नहीं, वर्गमीटर में हो मूल्यांकन

किसानों ने जिला पंजीयक और कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में नवीन गाइडलाइन की विसंगति से अवगत कराया। किसानों ने हेक्टेयर के स्थान पर वर्गमीटर आधारित मूल्यांकन प्रणाली को बहाल रखने की मांग की। उनका तर्क है कि हेक्टेयर दर से छोटे भू-स्वामियों को भारी नुकसान होगा। संपत्तियों का मूल्य कुआं, बोर, फलदार वृक्ष, बाड़ी, बाउंड्री वॉल और मकान जैसी संपत्तियों को मूल्यांकन से बाहर रखना नियमों का खुला उल्लंघन है।



### आपस में जुड़े गांवों की दरों में असमानता

किसानों ने कहा कि सटे हुए गांवों के बीच दरों में असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 का हनन है। कोड़ियां के सरपंच कार्यालय में एक झकझोर देने वाली घटना का भी जिक्र किया गया। किसानों के अनुसार अधिकारियों द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि सर्वे नहीं करने दिया गया, तो बलपूर्वक सर्वे कराया जाएगा। यदि बल ही प्रयोग करना है, तो हमें रास्ते से हटाने के लिए जान से मार दीजिए, जिससे मुद्दा ही खत्म हो जाए।

### मुआवजा के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार की मांग

किसानों ने कहा कि केवल मौद्रिक मुआवजा पर्याप्त नहीं है, जिन परिवारों की आजीविका भूमि पर आधारित है, उनके एक सदस्य को स्थायी आजीविका दी जाए। अधिनियम की दूसरी अनुसूची के अनुसार, आजीविका प्रभावित होने वाले कुटुंब के एक सदस्य को स्थायी रोजगार सुनिश्चित किया जाए। अभिलेख सुधारः सर्वे से पहले लंबित खसरा बटांकन, नक्शा सुधार, नामांतरण और बंटवारे के प्रकरणों को निपटाया जाए ताकि वास्तविक हकदार को मुआवजा मिले। इस दौरान थनौद, बिरेझर, चांगोरी, कोनारी, चंदखुरी, कोड़िया, भानपुरी, कोकड़ी, बोरिगार्का, खोपली, घुघसीडीह, करगाडीह, पुरई और पौवारा के किसान शामिल थे।

## गुरु बाबा घासीदास जयंती पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक माहौल में प्रतियोगिता

# पाकुरभाट में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन, कोसा पंथी दल प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कला जगत एवं कलाकारों को एक नयी पहचान देने छत्तीसगढ़ शासन की दूरगामी कार्य योजनाओं में एक प्रदेश के पंथी नर्तकों को एक मंच देने व उनकी प्रतिभा को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए राज्य स्तर पर पंथी प्रतियोगिता कराई जाती है और इसी तारतम्य में राज्य स्तर पर पंथी प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता आयुक्त आदीवासी विकास शाखा के सौजन्य से कराई जाती है।

इस वर्ष ग्राम पाकुरभाट में जिला स्तरीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी विकास शाखा व सतनामी समाज पाकुरभाट में कराया गया। पाकुरभाट में इस दिन सतनामी समाज के द्वारा गुरु बाबा घासीदास जी की जयंती पर्व व मेला मड़ई का आयोजन भी रखा गया था, जिसके कारण बाबा जी के जयंती के कारण पंथी प्रतियोगिता का आयोजन और बेहतर व खुशहाल मय हो गया। पंथी प्रतियोगिता में शामिल होने जिले के सात दलों ने पंजीयन कराया था। जिनमे पांच पंथी दलों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। पंथी प्रतियोगिता में शामिल दलों में प्रथम स्थान पंथी नर्तक





दल कोसा व दूसरे स्थान पर पंथी नर्तक दल गोडेला ने प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर पंथी नर्तक दल टिकरी ने प्राप्त किया। आदिवासी विकास शाखा के द्वारा विजेता सभी पंथी नर्तक दलों को प्रशस्ती पत्र व मोमेंटो से सम्मान किया गया।

**ये रहे उपस्थित :** आयोजन में बतौर अतिथि सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष संजय बारले, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक विजय बघेल, जिला संरक्षक असवन बारले, महासचिव संजय जोशी, जिला सचिव एसआर बंजारे, पूर्व जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ निर्मला बंजारे एवं ब्लाक अध्यक्ष बालोद धनी राम बारले, उप आयुक्त आदीवासी विकास शाखा बालोद, सरपंच मंडावी व उप सरपंच पाकुरभाट सहित गाम सामाजिक व ग्रामीण जन एवं आस पास के सामाजिक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पंथी गायक भूपेंद चाणक्य ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज व पूरे मानव समाज को बाबा जी के बताए मार्ग व उनके उपदेशों पर चलने की बात कही, कार्यक्रम को उप आयुक्त विजय कुमार पटेल ने भी संबोधित किया। उपरोक्त जानकारी विजय बघेल पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक ने दी।

# बालोद में फोटोयुक्त मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, दावा आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

- 6 लाख 42 हजार मतदाता सूचीबद्ध, पुरुष-स्त्री व तृतीय लिंग के आंकड़े प्रकाशित

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन आज 23 दिसंबर को कर दिया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार जिले में कुल मतदाता 06 लाख 42 हजार 736 है, जिनमें से 03 लाख 18 हजार 825 पुरुष मतदाता एवं 03 लाख 23 हजार 907 महिला मतदाता तथा 4 तृतीय लिंग के मतदाता है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावा आपत्ति (फार्म 6 नए मतदाता बनने के लिए, फार्म–7 मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपित करने के लिए एवं फार्म–8 मतदाता सूची में संशोधन, स्थानान्तरण, नया एपिक कार्ड प्राप्त करने के लिए) प्राप्त करने की तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारी द्वारा 14 फरवरी 2026 तक किए जाएंगे तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। कार्यक्रम अनुसार ऐसे नागरिक जिनकी उम्र 01 जनवरी 2026 को 18 साल पूर्ण कर लिया गया है तथा जिनका नाम वर्तमान में किसी कारणवश मतदाता सूची में दर्ज नहीं करा पाया है। वे अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु फार्म 6 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई मतदाता अपने नाम एवं अन्य किसी प्रकार का संशोधन या पते में परिवर्तन करना चाहते हैं वे फार्म–8 के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। 01 जनवरी के साथ 01 अप्रैल, 01 जुलाई, 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु को पूर्ण करने वाले भारतीय नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन मोबाईल एप या वोटर पोर्टल सर्विस के माध्यम से घर बैठे फार्म–6 भरकर अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 में प्राप्त एएसडी के मतदाता की मतदान केन्द्रवार सूची एवं बीएलए तथा बीएलओ मीटिंग की सूची जिले के वेबसाईट में जाकर अवलोकन किया जा सकता है।

### युक्तियुक्तकरण के बाद बनाए गए 882 मतदान केन्द्र

आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण करने के पश्चात जिले में 882 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें विधानसभा क्षेत्र 59–संजारी बालोद में 281, विधानसभा क्षेत्र 60-डौण्डीलोहारा में 290 एवं विधानसभा क्षेत्र 61–गुण्डरदेही में 311 मतदान केन्द्र है। इसके साथ ही मतदान केन्द्र में मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

## बीजेपी-आरएसएस ने डर दिखाकर 3 बार जीता चुनाव : भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शंकर नगर स्थित महाराणा प्रताप भवन में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने अखिल भारतीय एसटी-एससी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा के इस आयोजन में शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान बीजेपी, आरएसएस, कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा और धीरेंद्र शास्त्री पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा किकभी हिंदू खतरे में नहीं था। लेकिन जब से बीजेपी-आरएसएस सत्ता में आई है, तब से हिंदू खतरे में है। वे डर दिखाकर तीन बार चुनाव जीत चुके हैं। कथावाचक भगवान के बारे में न बताकर अब टोटके बताते हैं। समाज जितना पढ़ा-लिखा होता जा रहा है। आम लोग खुद इन कथावाचकों से ज्यादा जानते हैं कि शिव कौन हैं, हनुमान कौन हैं और पूजा कैसे की जाती है। शंकर नगर में संविधान पर्व और राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि आज न अनुसूचित जाति खतरे में है, न जनजाति, न पिछड़ा वर्ग और यहां तक की अल्पसंख्यक भी खतरे में नहीं है।

# मोतीलाल वोरा की पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय में कार्यकर्ताओं ने बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम

एआईसीसी के पूर्व कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा की पांचवीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सामाजिक कार्य किए गए हैं। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच फल वितरण किया गया। कांग्रेसजनों ने स्व.मोतीलाल वोरा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि उनका संपूर्ण राजनीतिक जीवन ईमानदारी, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा को समर्पित रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए सदैव संविधानिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और गरीब-वंचित वर्गों के हितों की रक्षा की। उनका जीवन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए



प्रेरणास्रोत रहा है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि स्व. वोरा की स्मृति में जरूरतमंदों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर उनके बताए मार्गो पर चलना होगा। अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण करते समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आत्मीय संवाद कर उनका हालचाल जाना, जिससे मानवीय संवेदना का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम में आरएन वर्मा, दीपक दुबे, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, संजय कोहले, कौशल किशोर सिंह, प्रेमलता साहू, निकिता मिलिंद, सुशील भारद्वाज, राजकुमार वर्मा, शंकर ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

## सुशासन शिविर में मिले 117 आवेदन

**दुर्ग।** आदित्य नगर जोन कार्यालय में सुशासन सप्ताह प्रशासन शहर की ओर अभियान के तहत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में नागरिकों द्वारा कुल 117 आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनमें 102 मांग संबंधी आवेदन एवं 15 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए। मांग पत्रों में पट्टा, सड़क एवं नाली निर्माण प्रमुख रहे, जबकि शिकायतों में पानी आपूर्ति एवं अतिक्रमण से संबंधित प्रकरण शामिल थे। सभी आवेदनों को त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।



# महीने की 7 तारीख तक निकाय कर्मचारियों को जारी हो वेतन, चुंगीकर में हो बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संघ कार्यालय आकाशगंगा सुपेला में महासंघ के अध्यक्ष शरद दुबे की अध्यक्षता, भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश तिवारी उपाध्यक्ष रत्ना श्रीवास्तव, मंत्री संजय मिश्रा,गंगा राम साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

महासंघ के महामंत्री अनिल सिंह ने बताया कि बैठक में नगरीय निकायों में व्याप्त कर्मचारी समस्या अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, शासन के आदेशानुसार प्रतिमाह 7 तारीख तक वेतन भुगतान, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि में बढ़ोत्तरी, ठेका प्रथा समाप्त कर



प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने, पेंशन में दैनिक वेतनभोगी काल की गणना कर निर्धारण किये जाने, अनुकम्पा नियुक्ति की सिलिंग समाप्त करने सहित ग्रेजुएटी एवं सी पी एफ की लम्बित राशि का भुगतान किये जाने की मांग को लेकर महासंघ द्वारा प्रदेश स्तरीय तीन चरणों में दिनांक 9 जनवरी 2026 को स्थानीय स्तरीय, 16 जनवरी को जिला स्तरीय एवं 30 जनवरी प्रदेश स्तरीय आंदोलन किये जाने का निर्णय लिया गया है। सदस्यता अभियान को गति देने तथा प्रदेश की निकायों में प्रवास करने हेतु दायित्व निर्धारण किया गया है।

बैठक में विष्णु चन्द्राकार, अमरनाथ दुबे, रामवृक्ष यादव, गोपाल सिन्हा,राम अवतार साहू, विवेक रंगनाथ, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, शशिभूषण मोहंती, अमित चन्द्राकार, वामन राव, रोहित बंजारे, सुनील जोशी, संजीव तिवारी, अमिता कश्यप, रामेश्वरी सागर, किरण सिंह, नंद कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के दिए निर्देश

# जनदर्शन में नकली दूध फैक्ट्री और अतिक्रमण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जनदर्शन में कुल 150 आवेदन मिले

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आमजन से सीधे मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुना। जनदर्शन में मुख्य रूप से अवैध कब्जा, भूमि मुआवजा, नकली खाद्य पदार्थों की फैक्ट्री से प्रदूषण और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से संबंधित कुल 150 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

जनदर्शन में व्यक्तिगत समस्याओं का भी त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया। यामिनी साहू ने अपने बीपीएल राशन कार्ड से बिना जानकारी के नाम काटे जाने की शिकायत की और न्याय की गुहार लगाई। वहीं ग्राम गोढ़ी की निवासी गायत्री टंडन ने आर्थिक तंगी और सिर पर छत न होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त धमधा के भानुप्रताप ताम्रकार ने लंबित राजस्व प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिए आवेदन दिया।



**अवैध रेत खनन की शिकायत :** स्वास्तिक नगर वार्ड 58 के निवासियों ने पिछले 15 वर्षों से सड़क और नाली निर्माण न होने की शिकायत करते हुए जलभराव की समस्या बताई, जबकि ग्राम करहीडीह वार्ड 15 के लोगों ने मुक्तिधाम के पास हो रहे अवैध रेत खनन और वहां के जीर्णोद्धार को लेकर गुहार लगाई। इसके अलावा ग्राम जामगांव एम के किसानों ने कृषि मार्ग पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की ताकि खेती के कार्यों में बाधा न आए। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी आवेदनों पर संबंधित नगर निगम आयुक्तों और तहसीलदारों को निर्देशित किया है।

### शराब दुकान का विरोध

जनदर्शन में ग्राम पंचायत भरर के ग्रामीणों ने एक बड़ा मुद्दा उठाते हुए गांव में शराब दुकान खोलने का कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों की शिकायत है कि आबकारी विभाग द्वारा बिना ग्राम सभा की अनुमति और चोरी-छिपे निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि ग्रामीण वहां किसी भी हाल में मदिरा दुकान नहीं चाहते। इसी तरह, नगर पालिका परिषद कुम्हारी के जनप्रतिनिधियों ने वार्ड क्रमांक 10 में संचालित एक अवैध नकली दूध फैक्ट्री की शिकायत की। आवेदकों के अनुसार, इस फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले पानी के कारण जोरा तालाब और खपरी नाला प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे मवेशियों की मौत हो रही है और स्थानीय लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। कलेक्टर ने इन दोनों मामलों में आबकारी विभाग और अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-3 को तत्काल जांच कर कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## मनरेगा योजना का नाम बदले जाने को लेकर कांग्रेस ने जताया विरोध



**दुर्ग।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम की मजदूरों को रोजगार देने की महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी का नाम बदलकर जी राम जी योजना करने पर दुर्ग में कांग्रेसी और गांधी प्रतिमा दुर्ग पर इकट्ठा होकर मनरेगा का नाम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से ही रखने की मांग की। रघुपति राघव राजाराम, सद्बुद्धि दे भगवान का भजन गाया। इसमें दुर्ग जिले के कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेता व प्रतिनिधि सभी ने इसे गलत बताया है, इसकी कड़ी भर्त्सना की। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा यह सरकार जब से आई है केंद्र और राज्य में या नहीं चाहती कि ग्रामीणों की आर्थिक व्यवस्था सुधारे मनरेगा में रोजगार देने की भाजपा की नियत में खोट है। पूर्व में भूपेश बघेल की सरकार में 45 लाख कार्य दिवस मनरेगा में होते थे, जिसमें कटौती कर प्रथम वर्ष में 32 लाख कर किया गया और इस वर्ष 16 लाख कार्य दिवस कर दिया गया। केंद्र सरकार मनरेगा में पहले 80 और 20 के आधार पर केन्द्र सरकार 80% राशि देती थी। अब केंद्र सरकार 60% राशि दे रही है। राज्य सरकार पर 40% का बोझ डाल दी जबकि राज्य सरकार के पास फंड की कमी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, धीरज बकरीवाल, आरएन वर्मा, दीपक दुबे, लक्ष्मण चंद्राकर, अल्ताफ अहमद, दानेश्वर साहू, उषा सोने, रिवेंद्र यादव मौजूद थे।

खबर संक्षेप



## साप्ताहिक जनदर्शन में समस्याओं का समाधान करने के निर्देश

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा निवासी भूपेश कुमार ने उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम पद्देटोला के घसिया राम ने दिव्यांग पेंशन दिलाने, ग्राम अचौद के तिलकराम ने वृद्धापेंशन दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम सिंगनवाही के सरपंच ने ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कराने, भैंसबोड़ के ईश्वरी बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिलाने, ग्राम कामता के रूप सिंह ने विद्युत दुर्घटना पर मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम कोसागोंदी के नीरा बाई ने मुख्यमंत्री पेंशन योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

## ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन जारी

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीनीकरण तथा नवीन पंजीयन हेतु 15 जनवरी 2026 तक की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही सत्र 2025–26 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से एनएसपी पोर्टल से ओटीआर प्राप्त करना आवश्यक है। ओटीआर के संबंध में अधिक जानकारी छात्रवृत्ति पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।

पेज 11 का शेष

### गुण्डरदेही के 78 आंगनबाड़ी ...

है कि हमारे नौनिहालों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिले। आंगनबाड़ी केंद्र उनके विकास की पहली सीढ़ी हैं। मरम्मत कार्य पूर्ण होने से बच्चों को बैठने और खेल–कूद के लिए बेहतर जगह मिलेगी। इन 78 आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प की खबर से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों ने इस सकारात्मक पहल के लिए तारणी चंद्राकर और पुरुषोत्तम चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है।

# हल्दी में 13वीं प्रदेश स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता का रोमांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

हल्दी में आयोजित 13वीं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष खो–खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांच अपने चरम पर रहा। 21 दिसंबर से शुरू हुए इस तीन दिवसीय खेल महाकुंभ मे प्रदेश की कई नामचीन हस्तियों ने खिलाड़ियों के बीच पहुँचकर उनका मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना और अनुशासन पर जोर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मोहन मंडावी एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सामूहिक रूप से कहा कि खो–खो हमारे भारत की मिट्टी का पारंपरिक खेल है, जो न केवल शारीरिक शक्ति बल्कि मानसिक एकाग्रता और टीम भावना को भी बढ़ाता है। आज छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों से निकलकर खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। खेल हमें हार से सीखना और जीत के लिए निरंतर प्रयास करना सिखाता है।

हल्दी जैसे छोटे गांव में इतना भव्य प्रदेश स्तरीय आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। खेल जगत से खो–खो फेडरेशन के महासचिव तरुण शुक्ला और बालोद संघ के भोलेनाथ चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मैच संपन्न हुए। बड़ी संख्या में फेडरेशन के बच्चों और ग्रामवासियों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों के जोश को दोगुना कर दिया।

## खेल महाकुंभ में खिलाड़ी दिखा रहे जोश और दमखम



### ये रहे उपस्थित

द्वितीय दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद मोहन मंडावी, कंवर समाज के संरक्षक तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन और पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे। उनके साथ टोमन साहू, प्राकश सांवरे, रुपंचद जैन, कुलदीप साहू, हरदेव साह, सुभाष चंद्राकर, अजेंद्र साहू, नोहर साहू, प्रकाश सांवरे, ढालेंद्र सार्वा और देवबती साहू ने भी मैदान में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## 31 जनवरी तक 82 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य पूरा करना आवश्यक

# कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- अवैध खरीदी–बिक्री रोकने, रकबा समर्पण और टोकन वितरण के लिए अधिकारियों को सख्त दिशा–निर्देश

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राजस्व, खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को बिना किसी अवरोध के निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु दिशा–निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि 31 जनवरी 2026 तक जिले को प्राप्त कुल 82 लाख क्विंटल धान खरीदी लक्ष्य को पूरा किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर ने इसके अनुरूप शेष कार्य दिवसों में जिले के सभी कृषकों के धान की समुचित खरीदी हेतु सभी तैयारिंश्चित करने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जिले में धान की अवैध खरीदी–बिक्री की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने रकबा समर्पण के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए धान बिक्री करने के पश्चात जिन कृषकों के पास धान शेष नही रह जाता उनका अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने रकबा समर्पण हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करने तथा प्रत्येक नोडल अधिकारियों को 3–3 उपार्जन केन्द्रों की जिम्मेदारी दिए जाने की जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान बिक्री हेतु किसानों को टोकन जारी किए जाने के संबंध में दिशा–निर्देशों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 2 एकड़ से कम रकबा वाले कृषकों को 1 टोकन, 2 से 10 एकड़ रकबा वाले कृषकों को 2 टोकन तथा 10 एकड़ से अधिक रकबा वाले कृषकों को 3 टोकन जारी किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि 2 एकड़ से अधिक रकबा वाले किसान जिन्हें 2 टोकन की पात्रता है। उन कृषकों द्वारा पहले टोकन में धान बेचने के उपरांत निगरानी समिति के अधिकारी–कर्मचारियों के भौतिक सत्यापन के पश्चात ही दूसरा टोकन जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। इसी तरह 10 एकड़ से अधिक रकबा वाले कृषक जिन्हें 3 टोकन जारी किया जाना है। उनके द्वारा भी दूसरे टोकन में धान बेचने के उपरांत निगरानी समिति के सदस्यों से अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन कराने को कहा। इसके पश्चात ही इन कृषकों को तीसरा टोकन जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि व्यापारी एवं कोचियों के द्वारा किसी भी प्रकार की अवैध धान की बिक्री न की जा सके।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों का रेण्डम भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। भौतिक सत्यापन के दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में स्टेक का भी अनिवार्य रूप से गणना करने को कहा। उन्होंने जिले के राईस मिलों का भी भौतिक सत्यापन करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में धान की अवैध खरीदी–बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी थोक एवं फुटकर व्यापारियों के दुकानों एवं गोदामों का नियमित रूप से जाँच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि वास्तविक रकबे के आधार पर जिले के सभी कृषकों के शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित की जाएगी।

मिश्रा ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी कृषक अपने वास्तविक रकबे एवं पैदावार के आधार पर धान की समुचित बिक्री करने से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को किसानों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान बोरों में अनिवार्य रूप से स्टेनशील लगाए जाने के निर्देश दिए तथा धान बोरों में स्टेनशील नही लगाए जाने पर संबंधित समिति प्रबंधकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# दिव्यांगों को कलेक्टर ने प्रदान किया बैटरी ट्राय सायकिल और श्रवण यंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनदर्शन में मांग उठाने वालों को तुरंत राहत दिलाई

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कलेक्टर जनदर्शन में चलने–फिरने में हो रही असुविधा के कारण ट्राय सायकल की मांग लेकर पहुँचे गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम नवागांव के 50 वर्षीय दिव्यांग चौतराम साहू एवं ग्राम कोटगांव के दिव्यांग ढाल सिंह तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम धनगांव के दिव्यांग श्रवण कुमार को बैटरी चलित ट्राय साइकल प्रदान किया।

इसी तरह कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम सोरली के श्रवण बाधित जगदीश राम यदु को श्रवण यंत्र प्रदान किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने दिव्यांग चैतराम, श्रवण कुमार एवं ढाल सिंह से उनका कुशलक्षेम पूछा और नया ट्राय सायकल मिलने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। जनदर्शन में अपने मांग को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करने के उपरांत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तत्काल ट्राय सायकल मिलने पर दिव्यांग चौतराम, श्रवण कुमार एवं ढाल सिंह बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।

### बैटरी चलित ट्राय सायकिल मिलने से होगी सहुलियः श्रवण

दिव्यांग श्रवण कुमार ने बताया कि वे 60 फीसदी दिव्यांग है और दिव्यांगता के कारण उसे चलने–फिरने में बहुत कठिनाई होती है। जिसके कारण उसके लिए ट्राय साइकिल की उपलब्धता अनिवार्य हो गया था। दिव्यांग श्रवण कुमार ने कहा कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से आज मुलाकात करने के पश्चात उनके निर्देशन में उन्हें नया बैटरी चलित ट्राय सायकल प्राप्त हुआ है। जिसके माध्यम से उन्हें अपने दैनिक क्रियाकलापों को पूरा करने के अलावा आवश्यक कार्यों के लिए आने–जाने में बहुत सहुलियत होगी।

# केवाईसी के अभाव में कुसुमकसा क्षेत्र के बीपीएल परिवारों के राशन में कटौती, ग्रामीण परेशान

## आधार अपडेट के बाद ई-केवाईसी नहीं होने से कई कार्डों का राशन आबंटन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

कुसुमकसा सहित समीपस्थ ग्रामीण अंचलों में राशन कार्ड में आधार अपडेट के बाद केवाईसी नहीं होने के चलते कई बी पी एल कार्ड धारी परिवारों के चावल में कटौती कर दी गई है तो वही अनेक राशन कार्ड का राशन आबंटन बंद हो गया है, अधिक परिवारों में सदस्यों का केवाईसी नहीं होने के चलते राशन आबंटन नहीं हुआ है। हालांकि शासन द्वारा पहले ही बच्चों का आधार अपडेट करने और केवाईसी करने कहा जा रहा था, लेकिन कई परिवारों ने आधार अपडेट कराया और केवाईसी नहीं कराया, जिसके चलते राशन में कटौती कर दी गई है ।

हितग्राही जब राशन दुकान पहुंच रहे हैं तो उन्हें चावल में कटौती होने की जानकारी मिल रही है कार्ड में आधार अपडेट के बाद केवाईसी नहीं होने के चलते कई परिवारों के चावल में कटौती कर दी गई है । प्रत्येक वार्ड में लगभग दो दर्जन से अधिक परिवारों में सदस्यों का केवाईसी नहीं होने के चलते राशन आबंटन नहीं हुआ है। खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिकता राशन कार्ड वाले तीन सदस्य परिवारों को 35 किलो चावल दिया जाता है। इस परिवार में बच्चों का केवाईसी नहीं होने से अब 20 किलो चावल ही मिला है। इसके बाद अब माता-पिता अपने बच्चों का आधार अपडेट करा कर केवाईसी कराने में जुटे हुए हैं। वहीं राशन कम मिलने से भी आक्रोश नजर आ रहा है।

राशन लेने के लिए केवाईसी के चलते कई बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ बुजुर्गों का थंब इंप्रेशन नहीं मिलने की वजह से उन्हें राशन आवंटित नहीं हो रहा है। जबकि थम इंप्रेशन नहीं होने पर फेस कैप्चर के माध्यम से राशन वितरण किया जाना है, लेकिन ग्राम के राशन दुकानों में फेस कैपचरिंग नहीं हो रहा हैकुछ राशन दुकान संचालकों ने बताया कि विभाग से फेस कैप्चर को लेकर कोई भी निर्देश नहीं मिला है। थम इंप्रेशन के आधार पर ही राशन वितरण हो रहा है, कुसुमकसा के वार्ड क्रमांक 4 की बुजुर्ग महिला सोनिया मिश्रा को बुजुर्ग विकलांग की ईकेवाईसी नहीं होने से दो माह से राशन का आबंटन नही आने से चांवल नही मिला है कुछ बुजुर्ग महिला ने बताया कि उन्हें निराश्रित पेंशन मिलता है और उनका सिंगल कार्ड है। इसमें और कोई सदस्य नहीं है अंगूठे का निशान नहीं मिलने की वजह से उन्हें राशन नहीं दिया गया है। अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ने शासन प्रशासन से बुजुर्ग महिला पुरुष के अंगूठा का निशान ना होने से उनका ई के वाय सी नही होने से राशन नहीं मिल पा रहा है ,उनको राशन दिलाने की व्यवस्था की जाए साथ ही जिनका राशन कार्ड के वाय सी ना होने से खाद्यान्न का आबंटन काम कर दिया गया है उसे जल्द चालू कर राशन आबंटन किया जाए जिससे ग्रामीणों को परेशानी नहीं हो।

### बायोमेट्रिक आधार अपडेट करना अनिवार्य

5-10 और 15 वर्ष आयु पूरी करने वाले बच्चों का बायोमेट्रिक आधार अपडेट करना अनिवार्य है। आधार अपडेट नहीं होने के चलते इन बच्चों के नाम पर आवंटित चावल में कटौती कर दी गई है, जिसके चलते आधार सेवा केन्द्रों में बायोमैट्रिक अपडेट करने के लिए पालकों के साथ बच्चों की भीड़ देखी जा रही है कुछ पालकों के द्वारा अपने बच्चों का आधार अपडेट कराया गया है, लेकिन केवाईसी नहीं होने की वजह से भी आधार अपडेट के बाद राशन जारी नहीं किया गया है। सरकार गरीबों के राशन में कटौती कर रही है।

# धर्मांतरण पर कठोर कानून नहीं तो बढ़ेगा सामाजिक संकटः संदीप कसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- आमाबेड़ा की घटना को बताया चेतावनी, राज्य सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल

शिवसेना नेता संदीप कसार ने कांकेर ज़िले के आमाबेड़ा में धर्मांतरण से उपजी आग पर बात करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में नई राज्य सरकार लंबे समय से धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून बनाने की बात कर रही है, किंतु सहजता से इस ओर कार्य नहीं कर रही है। इसी का परिणाम है कि धर्मांतरण करने वालों द्वारा निम्न और पिछड़े समुदाय के लोगों को मतांतरण के लिए बहला-फुसलाकर प्रेरित किया जा रहा है। वर्तमान में यह समस्या ज्वलंत और विकराल होती जा रही है।

बालोद ज़िले में आए दिन प्रार्थना सभा और मतांतरण संबंधी मामलों की शिकायतें आती रहती हैं। इस तरह के मसले अब सिर्फ कुछ ज़िलों तक ही सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं। आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी इस तरह का गंदा खेल लगातार जारी है। पूर्व में भी डोंडी लोहारा में हिंदू संगठनों ने धर्मांतरण के खिलाफ रैली और प्रदर्शन किया है, किंतु फिर से अंचल में उनकी उपस्थिति महसूस की जा रही है। उनके गलत इरादों पर नकेल कसने के लिए हिंदू संगठनों को साथ आकर काम करना होगा। आसपास के ग्रामीण इलाकों की विभिन्न जाति और समुदाय के प्रमुख व पदाधिकारी लोगों को अपने लोगों पर नज़र रखने की आवश्यकता है, जिससे वे किसी और के बहकावे या प्रलोभन में आकर अपने धर्म और समुदाय से विमुख न हों। देवरी क्षेत्र के पसौद स्थित चर्च में प्रति रविवार स्थानीय ग्रामीण महिला-पुरुषों की मौजूदगी और आवाजाही मतांतरण की ओर स्पष्ट इशारा करती है।

### कठोर कानून नहीं बनाए गए तो बढ़ेंगी समस्याएं

यदि जल्द से जल्द राज्य सरकार द्वारा धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून नहीं बनाए गए, तो भविष्य में आमाबेड़ा जैसी घटनाएँ बढ़ेंगी, क्योंकि अलग-अलग जातियों और समुदायों के अपने नियम व कायदे होते हैं, जिनका पालन वे भली-भांति जानते हैं। राज्य सरकार द्वारा पुलिस अधीक्षक को हटाना इस समस्या का समाधान नहीं है। राज्य सरकार और प्रशासन को मतांतरण के इस बेहूदा खेल को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है, अन्यथा आगे आमाबेड़ा से भी बड़ी हिंसक घटनाएँ हो सकती हैं। 24 दिसंबर को होने वाले बंद के समर्थन में पूरे छत्तीसगढ़ के हिंदू संगठनों को आगे आकर धर्मांतरण के इस गंदे खेल को रोकने के लिए एकजुट होकर प्रदर्शन करने की आवश्यकता है, जिससे मतांतरण के इस गंदे खेल पर अंकुश लगे और राज्य सरकार इस विषय पर आवश्यक कानून बनाने के लिए बाध्य हो।

## भरदा में शिव महापुराण कथा का आयोजन

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- कथा वाचिका जयंती द्विवेदी ने शिव–शक्ति के मिलन का बताया आध्यात्मिक महत्व

शिव महापुराण कथा आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी भरदा के सहयोग से हो रहा हैं। कथा वाचिका श्रीमती जयंती द्विवेदी जी ने बताया कि भगवान शिव और पार्वती का विवाह एक पवित्र और प्रसिद्ध कथा है, जो हिंदू धर्म में बहुत महत्व रखती है।

यह कथा शिव और शक्ति के मिलन का प्रतीक है, जो जीवन में संतुलन और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करती है। कथा के अनुसार, पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर, शिव ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। उनके विवाह की कथा में कई रोचक और भावपूर्ण प्रसंग हैं, जैसे कि शिव के भेष में आए भिक्षुक का आगमन, पार्वती की माता मेनका का संकोच, और अंत में शिव और पार्वती का विवाह। पुरोहित विजय यादव, भाविका यादव बैठे थे। कथा वाचिका जयंती द्विवेदी जी ने कहा शिव विवाह की कथा हमें प्रेम, समर्पण, और आत्म-त्याग के महत्व को सिखाती है। यह कथा हमें यह भी याद दिलाती है कि भगवान शिव और पार्वती का विवाह एक आदर्श विवाह है, जो प्रेम, समर्पण, और विश्वास पर आधारित है।

### इनका रहा सहयोग

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, सरपंच भरदा सुनिता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, पूर्व सरपंच पोषण लाल ठाकुर,मुकेश भारदीय, निर्मल देशमुख, योगेंद्र भारदीय, डिलेश्वरी देशमुख, चंद्रिका देशमुख, लता देशमुख राजेश यादव नरेंद्र देशमुख, चंद्र कुमार देशमुख पेमीन सेन, बिसाल देशमुख सहित समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।

# महिला कमांडो सम्मेलन में समाजिक जागरूकता योजनाओं पर प्रशिक्षण

**बालोद।** समाजिक बुराईयों का खात्मा अच्छाईयों को प्रोत्साहित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने, पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु ग्राम एवं शहर स्तर पर महिला कमांडो बनाया बनाया गया है। पद्मश्री शमशाद बेगम ने बतलाया इन्ही कमांडो एक प्रेरणा सम्मेलन ग्राम दारगांव जिला दुर्ग मे किया गया। जिसमें नियमित गस्त करने साइबर क्राइम से लोगों को बचाने हेतु जागरूक करने, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण देते हुए उन्हें कार्य करना तथा किसी भी हालात में कानून हाथ में नहीं लेने हिदायत दिया गया। इस अवसर पर धमधा थाना प्रभारी युवराज साहू ने कहा महिला कमांडो को पूरी तरह से मदद करेगे साथ ही इनको रात्रि कालिन गस्त हेतु टार्च प्रदान करने का प्रयास करेगा। एसआई मीरा वर्मा ने साइबर क्राइम के बचाव हेतु ग्रामों में जन जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 10 ग्रामों की महिला कमांडो ने भागीदारी दर्ज कराई।



सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**

## सेवानिवृत्त हेडमास्टर प्रद्युमनलाल ठाकुर ने जारी रखी शाला में सेवा




**जामगांव आर।** सेवानिवृत होने के बाद भी हेडमास्टर प्रद्युमनलाल ठाकुर शासकीय प्राथमिक शाला ओदरागहन में डीईओ दुर्ग के पुनर्नियुक्ति आदेश का पालन करते हुए सत्रांत तक सेवा देंगे। शाला में 69 विद्यार्थी है। उल्लेखनीय है कि ठाकुर की प्रथम नियुक्ति धमधा में हुई थी जहां वे 6 वर्ष सेवाएं दिए त सेलूद में 14 वर्ष सेवा देने के बाद ओदरागहन में 16 वर्ष सेवा देते हुए सेवानिवृत हुए। ठाकुर ने बताया कि 31 अक्टूबर को सेवानिवृत होने के बाद मात्र 1 शिक्षक होने से बच्चो की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता जो कि मुझे व्यक्तिगत ढंग से उचित नहीं लग रहा था इसलिए डीईओ के आदेश को शिरोधार्य करते हुए सत्रांत तक सेवा देने का मन बनाकर पूर्व की तरह नियमित नियत समय पर विद्यालय पहुंचकर सेवा जारी रखा गया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनी बाबा गुरु घासीदास जयंती



**जामगांव आर।** सुरपा मे गुरु बाबाघासीदास जयंती की 269 वीं मनाई गई। जिसमे मुख्यातिथि अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुरपा नारद साहू थे। अतिथि सभापति जनपद पाटन रवि सिन्हा, सरपंच सुरपा चंद्रहास साहू, उपसरपंच सुरपा तेजराम देवांगन, बूथ अध्यक्ष सुरपा देवानंद देवांगन, श्रीराम साहू, अभिषेक सेन मंचासिन थे।मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि भारत संतो की भूमि है संतो के कारण ही भारत संस्कार भूमि है संस्कार में रिश्ते मजबूत होते है बाबा घासीदास की जयंती मानव में समानता और संस्कार का संदेश देती है। सत्य के मार्ग पर चलने वाले बाबा के सच्चे भक्त होते है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं की अनुशासित सहभागिता सराहनीय रही सत्य और समानता के उद्घोष के साथ बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने सतनामी समाज के बंधुओं के साथ मिलकर शोभायात्रओं में हिस्सा लिया और जैतखाम की पूजा–अर्चना कर समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। सामाजिक कार्यकर्ता गिरधर नारंग, चंद्रहास मौर्य, नारायण मारकंडे, त्रिलोचन मारकंडे, संतोष मार्कंडेय, मनोज खूंटे, एनस खिलाड़ी, देवेंद्र टंडन, नोहर बघेल, संजय मारकंडे, अनीश कुमार, विवेक कुमार नारंग सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## आदित्य गांधी फेलोशिप से सम्मानित



**बालोद।** ग्राम माहुद अ के आदित्य कुमार टंडन को राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान पुणे आयुष मंत्रलय भारत सरकार द्वारा गांधी फिलासफी की उपाधि प्रदान की। आदित्य का विषय महिलाओं का स्वास्थ्य व विलुप्त हो रही वनों औषधियां आजीविका छत्तीसगढ़ की जनजाति महिलाओं के संदर्भ में था, यह शोर्ध डॉ. नैना अठाली समन्वय गांधी फैलोशिप के मार्गदर्शन में शोर्ध कार्य पूरा किया। उन्होंने शोध में पाया कि वन औषधि के संरक्षण, संवर्धन और आजीविका के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में महिलाओं का विषेश योगदान निभा कर आत्मा निर्भर बन रही है। आज आदित्य का कहना है योग केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि संतुलित और स्थिर रखता है वह प्राकृतिक चिकित्सा जीवन जीने की एक कला है।

## भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम निरस्त

बालोद। डौंडी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम घोटिया में कंकू राम कोरराम व ग्राम वासियों के द्वारा 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाला श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह निरस्त कर दिया गया है।

**स्पर्धा : श्रीराम ट्रॉफी के बाद के नगर में यह दूसरा आयोजन**

# डौंडीलोहारा में क्रिकेट महासंग्राम का भव्य आगाज, अनिला भेड़िया ने किया उद्घाटन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा**

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डौंडीलोहारा नगर पंचायत स्थित लाल रघुबीर सिंह स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित क्रिकेट महासंग्राम का उद्घाटन समारोह भव्यता, उत्साह और जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर खेल मैदान खिलाड़ियों, दर्शकों और अतिथियों की मौजूदगी से पूरी तरह गुलजार नजर आया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अनिला भेड़िया ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर अनिला भेड़िया ने खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और सकारात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त जरिया है। ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और नकारात्मकता से दूर रखकर स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं नगर स्तर पर खेल प्रतिभाओं को मंच मिलना जरूरी है, जिससे भविष्य में यही खिलाड़ी जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उद्घाटन समारोह में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित

### पहले मुकाबले में महादेव इलेवन विजयी





रहे। उद्घाटन मुकाबला महादेव इलेवन और विक्की इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर विक्की इलेवन ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए महादेव इलेवन ने निर्धारित ओवरों में 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्की इलेवन की टीम महादेव इलेवन की सटीक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और 54 रन पर ऑलआउट हो गई। इस प्रकार महादेव इलेवन ने उद्घाटन मैच में शानदार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता की जोरदार शुरुआत की। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का वातावरण बना रहा। आयोजकों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। क्रिकेट महासंग्राम का यह भव्य आगाज़ आगामी दिनों में रोमांचक मुकाबलों और युवा प्रतिभाओं के बेहतरीन प्रदर्शन का संकेत दे रहा है।

### ये रहे उपस्थित

प्रमुख रूप से गोपाल प्रजापति, अनिल लोढ़ा, राजाराम तारम, रतिराम कोसमा, हस्तीमल सांखला, मेघनाथ साहू, चुन्नीलाल साहू, विकास लोढ़ा, रवि जायसवाल, लोकेश्वरी गोपी साहू, तेजस्विनी, लोकनाथ निषाद, माधव गिरी गोस्वामी, राकेश सांखला, राजेंद्र निषाद, किशोर दिवान, जुगनू बघेल, झुमुक कोसमा, कान्हा टांक, प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र पाल एवं विकास लोढ़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। खेल आयोजन में पत्रकारिता जगत की भी सशक्त उपस्थिति रही।



## कुथरेल में ओपन जिम व झूला स्थापना का भूमिपूजन, युवाओं में दिखा खास उत्साह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा**

- लंबे समय से चली आ रही मांग हुई पूरी, नियमित व्यायाम को मिलेगा बढ़ावा

ग्राम पंचायत कुथरेल में ओपन जिम एवं झूला स्थापना कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर गांव के युवा वर्ग में विशेष उत्साह देखने को मिला। ओपन जिम की स्थापना से अब कुथरेल के युवक-युवतियां प्रतिदिन नियमित रूप से व्यायाम कर सकेंगे, जिससे उनके स्वास्थ्य और फिटनेस में सकारात्मक सुधार होगा। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से गांव में ओपन जिम की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इस पहल के लिए कुथरेल के युवाओं ने क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सुविधा युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करेगी। भूमिपूजन एवं स्थापना कार्य के अवसर पर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग लोमश चंद्राकर, सरपंच गीता गजपाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय युवा वर्ग उपस्थित रहा। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गांव में इस तरह के विकास कार्यों से न केवल स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि बच्चों और युवाओं के लिए सकारात्मक वातावरण भी तैयार होगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

## प्रशासन गांव की ओर शिविर में जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा**

- एडीएम की उपस्थिति में दो घंटे तक चली त्रिपक्षीय वार्ता

केन्द्र सरकार के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर 19 से 25 दिसंबर तक आयोजित सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम भैंसबोड़ में आयोजित प्रशासन गांव की ओर शिविर में डोंडी विकासखंड के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सत्ता पछ के संगठन के पदाधिकारियों को शिविर की जानकारी ना होने से उनकी अनुपस्थिति में शिविर संपन्न हुआ, जिसको लेकर चर्चा का विषय बना रहा, जनपद अध्यक्ष मुकेश कोडो सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए शासन के जनकल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन व उसकी जानकारी देने के लिए लगाया गया शिविर में सत्ता पछ के निर्वाचित जनप्रतिनिधि को नजर अंदाज करना अधिकारियों की हठधर्मिता प्रतीत हो रही है। मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी ने प्रशासन गांव की ओर शिविर के संबंध में किसी तरह की जानकारी मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत डोंडी द्वारा नही दिए जाने की बात कहते हुए बताया की अधिकारियों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि को नजर अंदाज कर मनमाफिक कार्य करने का आरोप लगाया है।

योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मंडल कुसुमकसा ने हरिभूमि को बताया की उक्त शिविर के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई जानकारी नहीं दी गई है,जिससे भाजपा मंडल कुसुमकसा के पदाधिकारी और सदस्यों को शिविर संबंध जानकारी नहीं पहुंच पाई,जिसके कारण वे शिविर नही पहुंच पाए अधिकारियों पर मनमानी करने की बात कही है। डी डी मंडले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी से उक्त संबंध में जानकारी लेने मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

## बघमारा में लगा 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर




**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

- स्वयंसेवकों ने किया समाज सेवा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमारा के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य आयोजन ग्राम सुन्दरा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुई। तारणी चंद्राकर ने स्वयंसेवकों द्वारा सात दिनों तक किए गए सेवा कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा उनकी सेवा कार्य व कार्यकगमों से ग्रामीणों को राह मिली है, ग्रामीणों ने सफाई, नशा मुक्ति के सांथ जीवन जीने की कला भी इन बच्चों के माध्यम से जाना।

उन्होंने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। यह चरित्र निर्माण और नेतृत्व क्षमता के विकास की पाठशाला है। सेवा का संकल्प लेकर युवा न केवल अपना व्यक्तित्व निखारते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम स्वच्छता, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता और जल संरक्षण जैसे विभिन्न सामाजिक सरोकारों पर कार्य किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी ने कहा शिविर के दौरान होने वाले कार्यक्रमों मे ग्रामीणों को भी सम्मिलित होना चाहिए क्योंकि शिविर के दौरान बौद्दिक मे विशय विशेषज्ञ आते है। उनसे कई जानकारियां ग्रामीणों को हो सकती है। समापन समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर नशामुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय के प्राचार्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे जिसमें प्रमुख रूप से लता चुरेंद्र सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, छगन देशमुख अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सांकरा, महेन्द्र पिपरिया उपसरपंच, मुरारी लाल ग्राम पटेल, हरि देशमुख अध्यक्ष शास प्राथ एवं माध्य शाला सांकरा, राजेश भंडारी कार्यक्रम संयोजक, एस बेक प्राचार्य कार्यक्रम संरक्षक एवं समस्त शिक्षक व विद्यार्थीगण शामिल रहे।

## झोला में पल्स पोलियो अभियान सफल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा**

- नौनिहालों को पिलाई गई सुरक्षा की दो बूंद



ग्राम पंचायत झोला में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाई गई। अभियान का उद्देश्य बच्चों को पोलियो जैसी गंभीर और अपंगता फैलाने वाली बीमारी से सुरक्षित रखना है। ग्राम पंचायत झोला सरपंच कौशल निषाद, पंचायत सचिव शेषनारायण चन्द्र वंशी, मितानिन लोगों के साथ में बनाए गए पोलियो बूथ पर सुबह से ही अभिभावकों की उपस्थिति देखने को मिली। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई और अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया।

स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लिए यह अभियान अत्यंत आवश्यक है और प्रत्येक बच्चे को हर राउंड में पोलियो की दवा पिलाना जरूरी है। अभियान के दौरान ग्रामवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे कार्यक्रम सफल रहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अपील की गई कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे।

सभी अभिभावक समय पर अपने बच्चों को पोलियो बूथ तक लाकर दवा पिलाएं, ताकि पोलियो मुक्त भारत का संकल्प साकार किया जा सके।

## गुरु घासीदास जयंती पर चाराचार में हुआ भक्तिमय कार्यक्रम

**स्थानीय जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर दी आस्था और समर्थन की अनुभूति**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

ग्राम पंचायत चाराचार विकासखंड गुण्डरदेही में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के पावन अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं।

कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह और भक्तिमय वातावरण में किया गया। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मनखे–मनखे एक समान के संदेश पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाबा जी के विचार आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया हैं। जिस प्रकार से विधर्मियों ने समाज को बांटकर अपना स्वार्थ सिद्व करने का प्रयास





किया है उसमे बाबजी का संदेश प्रभावशाली है। उन्होंने समाज के सभी वर्गो से सत्य, अहिंसा और प्रेम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा समाज द्वारा जिस प्रकार से गुरु घासीदास जी की जयंती एक पखवाड़ा तक मनाकर समाज प्रमुख पहुंचने का कार्य करते है वह अनुकरणीय है, इससे समाज प्रमुख प्रत्येक स्थान पर पहुंच कर समाज को जोड़ने, उनसे रुबरु मिलकर उनसे चर्चा कर उनकी भावना को जानने का प्रयास करते है, उससे समाज मे एकता के सांथ समाज के प्रामीण परिवेश को समझने का अवसर मिलता है, जो समाज मे कार्य योजना बनाने मे सहायक होगा। इस अवसर पर उन्होंने बाबा जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्र की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ये रहे शामिल

प्रमुख रूप से सरपंच खोमलाल, ग्रामीण अध्यक्ष बीरबल पटेल, उपाध्यक्ष महाबली ग्रामीण, ग्रामीण बैगा बिसेसर, भोला पटेल, सतनामी समाज अध्यक्ष घनश्याम टंडन, तिजाऊ राम बघेल, मोतीलाल सोनी, डोमन कोसरे, नारायण कोसरे, लेखराम चंद्राकर, सतनामी समाज के पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान पंथी दल के कलाकारों की प्रस्तुति को सभी ने सराहना की।

**सेजेस खलारी के बाल कलाकारों ने विज्ञान और पर्यावरण का किया प्रभावशाली समन्वय**

# बालोद टेक्नो फेस्ट 2.0 में पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश, 'एक पेड़ मां के नाम' नाटिका ने जीता दिल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा**

- हसदेव अरण्य की पीड़ा को मंच पर जीवंत कर दिया भावनात्मक संदेश

बालोद जिला में आयोजित बालोद टेक्नो फेस्ट 2.0 का भव्य कार्यक्रम अंतर्गत पर्यावरण और विज्ञान चेतना को समर्पित एक सराहनीय प्रस्तुति देखने को मिली। इस अवसर पर सेजेस खलारी के बाल कलाकारों द्वारा विज्ञान नाटिका एक पेड़ माँ के नाम का भव्य मंचन किया गया।

यह नाटक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमापारा बालोद के सभागार मंच पर संपन्न हुआ। विज्ञान नाटिका में पर्यावरण के प्रमुख घटकों—हवा, पानी, बिजली, कोयला और पेड़ को आपस में संबद्ध करते हुए यह संदेश दिया गया कि प्रकृति के ये सभी तत्व मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। नाटिका का विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य जैसे घने जंगलों की हो रही उजाड़ पर केंद्रित प्रस्तुति रही, जिसमें

### बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

सेजेस खलारी के विद्यार्थियों की यह प्रस्तुति न केवल मनोरंजनपूर्ण रही, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देने में भी सफल रही। मार्गदर्शक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार श्रवण एवं 8 बाल कलाकार कक्षा दसवीं के छात्रा तुलसी खरें, दामिनी निषाद, कक्षा नौवीं से छात्रा कल्पना, ओजस्वी, जीया, जी प्रिया, कासिनी एवं हिमांशी सहित सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम पर खलारी के समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ संप्रेषित किये हैं।

जंगलों की कटाई से पर्यावरण, जल, वायु और मानव जीवन पर पड़ने वाले दुष्परिणामों को प्रभावी संवादों और दृश्यों के माध्यम से दर्शाया गया। इस विज्ञान नाटिका को खलारी के प्रेरणा स्त्रोत प्राचार्य एस. जॉनसन के के संरक्षण एवं राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता धर्मेंद्र कुमार श्रवण के कुशल दिशा-निर्देशन में तैयार किया गया। उनके मार्गदर्शन में बाल कलाकारोषय की गंभीरता को सहज, भावनात्मक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक गहराई से प्रभावित हुए।

खलारी के बाल कलाकारों द्वारा विशेष रूप से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025 को इस मिशन को सरोकार करने हेतु उनके आह्वान पर /"एक पेड़ माँ के नाम/" का संकल्प केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव है। जिस प्रकार माँ हमें जीवन, संस्कार और संरक्षण देती है, उसी प्रकार पेड़ धरती को जीवन, ऑक्सीजन और संतुलन प्रदान करते हैं।

**सुरक्षित प्राकृतिक संसाधन के बिना आत्मनिर्भरता की कल्पना अधूरी:** पर्यावरण संरक्षण ही आत्मनिर्भर भारत का सशक्त आधार है। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, हरित ऊर्जा और सुरक्षित प्राकृतिक संसाधन के बिना आत्मनिर्भरता की कल्पना अधूरी है। जब हर नागरिक अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाएगा और उसका संरक्षण करेगा, तब भारत न केवल पर्यावरणीय रूप से सशक्त बनेगा, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी आत्मनिर्भर होगा। उक्त नाटक यह संदेश देता है कि पर्यावरण की रक्षा, राष्ट्र की प्रगति और आत्मनिर्भर भारत का सपना—तीनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। आइए, हम सब मानव संकल्प लें कि हम एक पेड़ माँ के नाम लगाकर धरती को हरित, स्वच्छ और समृद्ध बनाएँगे, और विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर महोदया सु उमेश दिव्या मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिले के सभी विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं अतिथियों ने बाल कलाकारों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। टेक्नो फेस्ट जैसे विज्ञान प्रौद्योगिकी आधारित मंच पर इस नाटिका का सफल आयोजन यह दर्शाता है कि विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकार एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

## पिकअप और सूमो में टक्कर, एक की मौत

**भिलाई।** सब्जी भरी पिकअप वाहन आमने सामने टकराने से वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र का है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर सूमो और सब्जी से भरे पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। मृतक का शिनाख्त ग्राम गिरहौला निवासी अमन कुमार बंधे के रूप में हुई है। अमन रविवार की शाम सूमो वाहन से अहिवारा से धमधा की ओर जा रहा था। तभी नंदिनी-खुंदनी के पास जोरदार सड़क हादसा हुआ। जिससे अमन की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्ग जिले में नंदिनी-खुंदनी मार्ग पर सूमो और सब्जी से भरे पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूमो ड्राइवर वाहन में ही फंस गया। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक